तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 25 अगस्त 2025

12 दुर्गूकोंदल व क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया...



12 नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को गिरफ्तार...



भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

## खबर संक्षेप



### पोला पर्व पर बच्चों ने बनाए मिट्टी के बैल

दुर्गुकोंदल। महेंद्रपुर में पोला त्यौहार शनिवार को बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पारंपरिक त्यौहार में किसानों ने अपने बैलों को सजाया और उनकी पूजा-अर्चना किया। बैलों को तेल, हल्दी और चावल अर्पित कर सम्मान दिया गया। कृषि काम बंद रखकर किसानों ने कृषि में सहयोग करने वाले मवेशियों की पूजा किया। पोला तिहार के दौरान बच्चों ने मिट्टी के बैल, पोरा जाता, मटका, कड़ाई व अन्य खिलौने से खेलकर अपनी संस्कृति को जीवंत किया और महिलाओं ने पारंपरिक पकवान जैसे ठेठरी और खुरमी बनाकर त्यौहार की मिठास बढ़ाई।

### बंजारी माता मंदिर परिसर की सौर लाइट 2 साल से खराब



दुर्गुकोंदल। बंजारी माता मंदिर में तीन साल पूर्व लगाए गए सौर प्लेट से जलने वाले लाइट की स्थिति खराब हो गई है, जिससे शाम होते ही गांवों में अंधेरा हो जाता है, लेकिन इस पर न तो स्थानीय जनप्रतिनिधि का ध्यान है और न ही विभाग का जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर धीरे-धीरे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने दुर्गुकोंदल के आश्रित ग्राम हाहालद्दी में सौर ऊर्जा लाइट को बंजारी माता मंदिर के सामने पर ग्रामीणों को अंधेरों से मुक्ति देने के लिए लगाया गया था, जो पूरी तरह खराब हो गया है। ग्रामीण भूपेंद्र सिंहा, लोकेश नरेटी, मोहन सिंहा, धन्ना सिंहा, हरि सिंहा ने बताया कि बीते 2 साल से खराब हो गई है। ग्रामीणों ने खराब हुई लाइट को जल्द दुरुस्त करने की मांग किया है।

## सियासत : किसानों की समस्याओं को सूचीबद्ध करके उसके निराकरण का प्रयास किया जाएगा

# भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक को भाजपाइयों ने लड्डुओं से तौला व किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

**खास बातें**

- चारामा से कांकेर तक जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत किया गया
- संगठन से मिली जवाबदारी पर खरा उतरना मेरा लक्ष्य : आलोक ठाकुर

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर के कांकेर प्रथम आगमन पर कांकेर के प्रवेश नगर चारामा में शुरू हुआ स्वागत कांकेर तक जगह-जगह हुआ, वहीं भाजपाईयों ने पुराने बस स्टैंड में लड्डुओ से तौलकर मिठाई बांटकर बधाई देते रहे। प्रदेशाध्यक्ष के साथ-साथ विधायक आशाराम नेताम, मत्स्य बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा एवं संगठन के सभी पदाधिकारी नजर आएं। पुराना बस स्टैंड के उपरांत काफिला भाजपा कार्यालय कमल सदन पहुँचा, जहाँ भाजपा अध्यक्ष महेश जैन के नेतृत्व में स्वागत हुआ।

चारामा के जैसाकर्रा निवासी और लंबे समय से भाजपा का झंडा उठाने वाले आलोक ठाकुर को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने किसान मोर्चा का प्रदेशाध्यक्ष बनाया है, यह पहला मौका है कि भाजपा के किसी भी संगठन पर कांकेर के किसी भी नेता को इस पद को पाने का मौका मिला है। भाजपा संगठन को मजबूत करने के लिए लंबे समय से संघर्ष करने वाले आलोक ठाकुर को महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी मिलने के उपरांत हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि प्रदेश संगठन ने जो मुझे दायित्व दिया है, उस पर मैं खरा उतरूं, यहीं मेरा प्रयास होगा। पार्टी संगठन ने जो दायित्व दिया है, उसे बेहतर ढंग से निभाने का प्रयास किया जाएगा। किसानों की जो समस्याएं है, उनको मंडल तक सुनकर सूचीबद्ध करके उसके निराकरण के लिए प्रयास करूंगा। भाजपा कार्यालय में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने कहा कि मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को पार्टी ने पूरे प्रदेश की ⏭ शेष पेज 10 पर





### मचांदुर से लेकर कांकेर तक हुआ स्वागत

नवनियुक्त भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर का जिले के प्रवेश स्थल मचांदुर में स्वागत किया और काफिले के आगे आगे बाईक रैली निकाली। चारामा रेस्ट हाउस में स्वागत किया गया और उसके बाद जुलूस भी निकाला और भारत माता, भीमराव अंबेडकर, दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया और पंडित दीनदयाल चौक पर लड्डुओं से तौला गया। रामप्रसाद पोटाई चौक पर सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों पर स्वागत किया गया वहीं प्रदेशाध्यक्ष ने रामप्रसाद पोटाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कानापोड़ और लखनपुरी में स्वागत किया गया। चारामा में स्वागत में पूर्व विधायक ब्रम्हानंद नेताम, प्यारेलाल देवांगन, खेम तिवारी, नंदू ओझा, सुरेश वाधवानी, ओमप्रकाश साहू, मंडल के पदाधिकारी, भाजपा के पार्षद एवं अन्य उपस्थित रहे।

### बस स्टैंड में आतिशबाजी की


नवनियुक्त किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का काफिला लखनपुरी से सीधे कांकेर के घड़ी चौक पर पहुँचा। प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर ने शहीद गुंडाधुर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके उपरांत काफिला सीधे पुराने बस स्टैंड पहुँचा, जहाँ पर आतिशबाजी और गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। जिला मंत्री राजीव लोचन, पार्षद टिकेंद्र ठाकुर, पार्षद हितेंद्र खटवानी, राकेश शर्मा, शैलेंद्र शोरी एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी के नेतृत्व में लड्डूओं से तौला गया।

### भाजपा कार्यालय में किया स्वागत

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम कांकेर आगमन पर कमल सदन में आलोक सिंह ठाकुर का भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लटिया, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, विधायक आसाराम नेताम , मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, टेकेश्वर जैन, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, देवेंद्र भाऊ, अनूप राठौर, हीरा मरकाम, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, देवेंद्र साहू, निखिल राठौर, नरोत्तम चौहान, टेकेश्वर सिन्हा, यशवंत सुरोजिया, संजय सिन्हा, संजू गोपाल साहू, दीपक खटवानी, टिकेंद्र ठाकुर, घनेंद्र ठाकुर, पीयूष बलेचा, सपन श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता ने स्वागत किया।

## हाथी के हमले से परलकोट रेंजर घायल, अस्पताल में इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर



पश्चिम परलकोट वन परिक्षेत्र में एक जंगली दंतैल हाथी की निगरानी के दौरान वन विभाग के रेंजर विजय पटनायक घायल हो गए। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार यह घटना रविवार 24 अगस्त को दोपहर का है, जब वन विभाग की टीम और पिंडकसा गांव की वन समिति के सदस्य हाथी के पदचिन्हों का पीछा कर रहे थे।

इसी दौरान हाथी ने अचानक रेंजर पर हमला कर दिया। रेंजर अपनी जान बचाने के लिए भागते समय वे फिसल कर गिर गए, जिससे उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया। वन विभाग के सदस्यों और वन समिति के ग्रामीणों ने तुरंत रेंजर को सुरक्षित बाहर निकाला और सभी लोग हाथी से सुरक्षित दूरी पर चले गए। इस घटना के बाद भी पूरी टीम हाथी पर निगरानी बनाए हुए है। वन विभाग ने क्षेत्र के लोगों से बार-बार अव्हान किया कि वे जंगली हाथी से दूरी बनाए रखें। इसके साथ ही, लोगों से यह भी अनुरोध किया गया है कि हाथी के बारे में कोई भी जानकारी मिलने पर तुरंत वन विभाग को सूचित करें ताकि सभी सुरक्षित रह सकें।

## असीम राय हत्याकांड के गवाहों को धमकाने पर विकास जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



असीम राय हत्याकांड में शामिल विकास पाल को जमानत मिल जाने पर पखांजुर आकर गवाहों को धमका रहा था, जिसकी शिकायत पुलिस को किया गया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर विकास पाल को फिर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 अगस्त को मृतक भाजपा नेता असीम राय की हत्या के मामले के आरोपी विकास पाल के खिलाफ एक शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि विकास पाल गवाहों को अदालत में झूठी गवाही देने के लिए धमका रहा था और ऐसा न करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा था, यह कह कर कि वह उन्हें भी असीम राय के पास भेज देगा। शिकायत मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याणा ऐलीसेला के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे, एसडीओपी रवि कुजूर के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी विकास पाल उम्र 56 वर्ष पीवी 31 हरिहरपुर निवासी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इसके बाद 24 अगस्त को उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय ⏭ शेष पेज 10 पर

## फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल अभियान के तहत अफसरों और जवानों ने चलाई सायकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा दिसंबर 2024 में शुरू किया गया फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल एक राष्ट्रव्यापी फिटनेस आंदोलन है। यह पहल साइकिल चलाना एक टिकाऊ, समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल व्यायाम के रूप में बढ़ावा देती है, जिसमें कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। इस अभियान के तहत रविवार 24 अगस्त को कांकेर पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों ने जंगलवार कॉलेज से नरहरदेव स्कूल तक सायकल रैली निकाली।

कैंपेन के तारतम्य में कांकेर पुलिस द्वारा 24 अगस्त को प्रातः साढ़े सात बजे सायकल रैली जंगल वारफेयर कालेज कांकेर मेन गेट से प्रारम्भ होकर कांकेर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए नरहरदेव स्कूल कांकेर तक साइकिलिंग मार्च संपन्न किया गया। हर पैडल के साथ बढ़े सेहत, हर कदम के साथ बढ़े सुरक्षा। रविवार को आइए, साइकिल चलाकर दें, फिटनेस और सुरक्षित कांकेर का संदेश दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि साइकिलिंग को व्यायाम के रूप में अपनाने से न केवल हृदय संबंधी स्वास्थ्य में सुधार होता है और मानसिक कल्याण में वृद्धि होती है, बल्कि युवाओं में बढ़ती मोटापे की समस्याओं से निपटने में भी मदद मिलती है। यह सक्रिय रहने, तनाव को दूर करने और प्रकृति के साथ फिर से जुड़ने का एक सरल लेकिन शक्तिशाली तरीका है। इस पहल का उद्देश्य फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना ⏭ शेष पेज 10 पर

## निलंबित पोस्ट आफिस के कर्मचारी ने लालच देकर खुलवाया खाता, खातेदार ने दर्ज कराया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

ट्रैडिंग के लिए दूसरे के नाम से खाता खुलवाकर राशि का ट्रांजेक्शन करने और खाता का उपयोग करने के संबंध में खाता धारक ने कांकेर थाना में शिकायत दर्ज कराया। खाता धारक ने शिकायत किया कि उसका खाता साइबर सेल कांकेर के नोटिस के माध्यम से मुझे पता चला कि मेरा बैंक खाता म्यूल एकाउंट की सूची में है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 9 नरहरपुर निवासी अभिषेक लोन्हारे पिता संतोष कुमार लोन्हारे ने पुलिस को बताया कि मैं पोस्ट ऑफिस मारवाड़ी नरहरपुर का कर्मचारी हूँ। अमन पासवान पोस्ट ऑफिस का ही कर्मचारी है, जिसे मैं पहले से जानता पहचानता था। वर्ष 2024 माह जुलाई-अगस्त में अमन पासवान मिला था और बताया की वह ट्रैडिंग करता है और उससे फायदा कमाता है। उसने कहा कि उसे कुछ दिन ट्रैडिंग करने के लिए एक नए बैंक खाते की आवश्यकता है। वह कुछ दिन ट्रैडिंग करके वह खाता लौटा देगा। ट्रेडिंग से जो भी फायदा मिलेगा, उसमें से कुछ हिस्सा वह मुझे भी दूंगा बोला। अमन पासवान पर मैंने विश्वास करके बंधन बैंक कांकेर में अपने नाम से खाता खुलवाया और उसे बताया, जिसके बाद उसने कहा कि उस बैंक खाता से मैं ट्रैडिंग के ट्रांजेक्शन करूंगा तो मुझे एटीएम कार्ड और बैंक खाते से लिंक मोबाईल सीम नम्बर की आवश्यकता होगी। वर्ष 2024 के माह अगस्त में मैंने अपने नाम पर बंधन बैंक कांकेर में खुलवाया और एटीएम कार्ड, मोबाईल सीम नम्बर अमन पासवान को ट्रैडिंग करने के लिए दे दिया। कुछ दिन बाद जब मैं अमन पासवान ⏭ शेष पेज 10 पर



## कृष्णानगर में बैठक के दौरान युवक से मारपीट, दर्ज मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कृष्णानगर में गांव की आयोजित बैठक में कहा गया कि जहाँ तक तुम्हारा घर बना है, वहाँ तक कालम बना लो, मैने कहा कि अभी बालू नहीं मिल रही है।

बारिश के बाद बना लेंगे। इसी बात को लेकर गांव के युवकों ने मेरे साथ मारपीट कर दिया। मारपीट से खून निकलने लगा, जिसके चलते ईलाज के लिए पखांजुर लाया गया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**कालम बनाने के नाम पर हुआ विवाद :** बांदे थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 76 कृष्णा नगर निवासी उद्धव मिस्त्री ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं और 21 अगस्त को साढ़े 12 बजे मुझे गांव के बीसो सरकार ने फोन करके बैठक में बुलाया, मैने कहा कि खेत में दवाई छिड़कने के लिए जा रहा हूँ। बीसो सरकार ने मुझे एक मिनट के लिए आओ फिर चले जाना। मैं और पवित्र सरकार गांव मे मंदिर के पास हो रहे बैठक में गए। बैठक में गांव के चेयरमेन, पूर्व सरपंच, सचिव व ग्रामीण और मेरी दादी सरजू मिस्त्री भी थी। बैठक में मुझे सचिव ने बोला कि जहां तक तुम्हारा घर बना है, वहां तक कॉलम खड़ा कर दो। मैंने बताया कि बारिश के कारण बालू नहीं ला पाया हूं, बालू लाने के बाद दो दिन में कॉलम खड़ा कर दूंगा । मैं बैठक से उठकर दवाई डालने के लिए जा रहा था। तब गांव के अचिंतो मुखर्जी ने मुझे बोला कि अभी तुम बैठो, तुमसे बात करना है। मैं बैठक में बैठ गया और बैठक में अचिंतो मुखर्जी ने बोला कि तुम अपने दादी को खाना क्यों नहीं देते हो। तब मैं बोला कि दादी को मेरे पास आए हुए एक सप्ताह हुआ है। इससे पहले चाचा नीलकंठ मिस्त्री के यहां थी, यकीन नहीं होता, तो चाचा को पूछ लो। इतने में अचिंतो मुखर्जी ⏭ शेष पेज 10 पर



### तृतीया तिथि 25 की सुबह 11. 39 बजे से 26 को 12. 39 बजे तक

# गजकेसरी योग में हरतालिका कल मनाएंगी सुहागिनें पति की दीर्घायु व समृद्धि के लिए करेंगी निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





हरतालिका तीज पर इस बार एक या दो नहीं बल्कि चार शुभ योग बन रहे हैं, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। हरतालिका तीज पर पूरे दिन रवि योग, शुभ योग, साध्य योग रहने वाला है। इसके साथ ही इस दिन गुरु और चंद्रमा एक दूसरे से केंद्र भाव में रहने वाले हैं, जिससे गजकेसरी योग रहने वाला है। हरितालिका तीज भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। इस साल हरतालिका तीज 26 अगस्त को मनाई जाएगी। भारत एक ऐसा देश है, जहां हर त्योहार सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसमें हमारी भावनाएं, रिश्ते, परंपराएं और कहानियां भी जुड़ी होती हैं। इन त्योहारों में से एक खास त्योहार है हरतालिका तीज। हरतालिका व्रत को हरतालिका तीज या तीजा भी कहते हैं. आमतौर पर इसे सुहागिन महिलाओं का व्रत माना जाता है, जिसमें वे निर्जला रहकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं और पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं, इसके साथ ही अविवाहित लड़कियां भी यह व्रत करती हैं ताकि उन्हें एक अच्छा और मनचाहा जीवन साथी मिले। हरितालिका तीज का पर्व सुहाग की सुरक्षा के लिए मनाया जाता है। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 25 अगस्त को सुबह 11 बजकर 39 मिनट पर लगेगी, जो 26 अगस्त को दिन में 12 बजकर 39 मिनट तक रहेगी। इस बार यह व्रत 26 अगस्त को रखा जाएगा।

### हरतालिका तीज व्रत का महत्व

हरतालिका तीज व्रत को पति की दीर्घायु और सुखी दांपत्य जीवन के लिए करती हैं. इस व्रत को कठिन व्रत में से एक माना जाता है क्योंकि यह व्रत निर्जला उपवास रखा जाता है। हरतालिका तीज को करवाचौथ से भी कठिन माना जाता है क्योंकि करवाचौथ में चंद्रमा को देखकर व्रत को संपन्न किया जाता है, वही इस व्रत में पूरे दिन निर्जल व्रत किया जाता है और अगले दिन पूजन के बाद ही व्रत संपन्न किया जाता है।

## नए बाजार के डोम में व्यवसायियों को मार्किंग कर किया जगहों का आवंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



नगर पालिका प्रशासन व पुलिस प्रशासन के द्वारा शहर के नए बाजार स्थित डोम में सब्जी व अन्य व्यवसाइयों के बैठने के लिए पेंट से मार्किंग कर जगह आवंटित किया गया। छोटे व्यवसायियों को 6 बाई 8 फीट व बड़े व्यवसायियों को 12 बाई 6 फीट जगह आवंटित कर बाजार को व्यवस्थित किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने बताया कि पहले रविवार व बुधवार के बाजार वाले दिन डोम के भीतर दुकान लगाने को लेकर अक्सर व्यवसायियों के बीच विवाद होता था, जो कई बार मारपीट की स्थिति में भी पहुंच चुका है। इन सब समस्याओं को देखते हुए बाजार के दिन डोम के भीतर पेंट से स्थायी मार्किंग कर व्यपारियों को जगह आवंटित किया गया है, जिससे अब विवाद की स्थिति नही होगी और साथ ही नगर पालिका के कर्मचारियों की ड्यूटी बाजार के दिन लगाई जा रही है, जिससे बाजार व्यवस्थित रूप से लगे जिसमें पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। टीआई मनीष नागर व ट्रैफिक इंचार्ज दीपक साव के द्वारा यातायात के जवानों की ड्यूटी भी बाजार स्थल पर लगाई गई है। अब से बाजार वाले दिन नए बस स्टैंड के एक तरफ ट्रैफिक को बंद कर दिया जाएगा, जिससे बड़ी गाड़ियों के कारण कोई दुर्घटना न हो। इस ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### ग्राम की महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखई के अंतर्गत ग्राम सुखई में महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए सहभागी समाजसेवी संस्था के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण हाई इमपेक्ट मेगा वाटरसेड परियोजना वाटर सेट उन्मुखीकरण व आजीविका प्रशिक्षण के अंतर्गत ग्राम सुखई के महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों ग्रामीण महिलाओं को मुर्गी पालन, मछली पालान, लाख पालन पशु पालन करने का आजीविका प्रसिक्षण दिया गया एवं समूह के महिलाओ ने बड़ चढ़ कर भाग लिया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक नवीन कुमार राजन के द्वारा दिया गया।

### विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का जाना हाल

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव क्षेत्र के दौरा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र नयापारा आड़ावाल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जानकर उनके कार्य के संबंध में विस्तार से चर्चा किया। देव ने कहा समाज की नींव मजबूत करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके अथक प्रयास से बच्चों और माताओं का भविष्य सुरक्षित व बेहतर होता है। उनके साथ नीचे बैठकर काफी समय तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों से चर्चा किया।

### सक्षम के संगठन मंत्री बने शुभम

**जगदलपुर।** सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) का विस्तार करते हुए कार्यकारिणी में नवपदाधिकारियों को जगह दी गई है। सक्षम की संगठनात्मक दृष्टि से पूरे संगठन को संगठित रखने शुभम गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा अजय सेठिया को सक्षम का बस्तर जिलाध्यक्ष और हेमराज कश्यप को कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सुनील नत्थानी, दुर्गा प्रसाद कवि और आशीष करमचंदानी को उपाध्यक्ष, ओम साहू को जिला मंत्री का दायित्व दिया गया है।
जगदलपुर नगर की कार्यकारिणी में दुर्गेश सिंह (डिंपू) को अध्यक्ष पद का दायित्व देकर उन्हें जगदलपुर नगर में कार्यकारिणी का गठन करने के साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करने कहा गया है। वहीं डॉ. दिलेश जोशी को कार्यकारी नगर अध्यक्ष, सत्यम सोमवंशी को नगर मंत्री व राहुल पांडे (चंकी) को नगर सहमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। सक्षम अध्यक्ष कुणाल चालीसगांवकर, महामंत्री ऋषि भटनागर व संभागीय अध्यक्ष भवानी प्रसाद सतपथी की मौजूदगी में सर्वसम्मति से नवपदाधिकारियों को नए दायित्व सौंपे गए हैं।

### सीएमएचओ ने आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री द्वारा दरभा ब्लॉक के बड़े कड़मा, मगनार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेगानार का औचक निरीक्षण किया गया। पंचायत भवन बड़े कड़मा में चल रहे ग्राम सभा में स्वास्थ्य कर्मी द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाना पाया गया।

कार्यक्रम : समाज सेवा, शिक्षा और देशभक्ति, करियर विकल्पों के प्रति किया गया जागरूक

# जेपी इंटरनेशनल स्कूल के रूबरू कार्यक्रम में दो पीढ़ियों के बीच हुआ प्रेरणादायक संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में शनिवार 23 अगस्त को हेक्सामाइंड और कैरियर ड्रोम के सहयोग से रूबरू नामक एक प्रेरणादायक और अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा विद्यार्थियों और अनुभवी व्यक्तियों के बीच एक सार्थक संवाद स्थापित करना था, ताकि विद्यार्थी जीवन के मूल्यों, करियर मार्गदर्शन और प्रेरक अनुभवों से लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों का विकास करना था, साथ ही उन्हें समाज सेवा, शिक्षा और देशभक्ति जैसे मूल्यों से जोड़ना और विभिन्न करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरा के अनुरूप दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जो एक सकारात्मक और उत्साहपूर्ण माहौल का प्रतीक रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों में सेवानिवृत्त सूबेदार एवं डाइट व्याख्याता गिरीश कुमार गौतम, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, शिव सिंह भदोरिया और सेजेस व्याख्याता लोचन सिंह गौतम उपस्थित रहे। इन गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय और प्रेरणादायक बनाया। दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यार्थियों और अतिथियों के बीच संवाद का दौर शुरू हुआ, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। हेक्सामाइंड के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों अर्थ सक्सेना, दिशा पुरी गोस्वामी, ओजस्वी नाग, मौलिक नाग और भूमिका विश्वकर्मा ने अतिथियों के साथ उत्साहपूर्ण प्रश्न-उत्तर सत्र में भाग लिया। विद्यार्थियों ने अतिथियों से उनके जीवन, संघर्षों और सफलताओं के बारे में सवाल पूछे, जिसके जवाब में अतिथियों ने अपने अनुभव साझा किए। गिरीश कुमार गौतम ने देशभक्ति और समाज सेवा के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि सच्ची सफलता दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने से मिलती है।



#### असफलताओं से सीखने की प्रेरणा दी

सुरेश चंद्र श्रीवास्तव और शिव सिंह भदोरिया ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को असफलताओं को सीखने के अवसर के रूप में देखने की सलाह दी। लोचन सिंह गौतम ने समय प्रबंधन और अवसरों के सही उपयोग पर अपने विचार रखे, जिसने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों के प्रति अधिक जागरूक और प्रेरित किया। इस संवाद ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण का संचार किया, साथ ही उन्हें यह सिखाया कि सही मार्गदर्शन के साथ हर चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य रितेश चौबे ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को न केवल प्रेरणा देते हैं, बल्कि उनके भीतर छिपी संभावनाओं को उजागर करने में भी मदद करते हैं। उनके शब्दों ने विद्यार्थियों में उत्साह और प्रेरणा का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन गीतिका साक्षी और निहारिका नायक ने अत्यंत कुशलता और आत्मविश्वास के साथ किया। उनकी प्रभावी प्रस्तुति ने कार्यक्रम को सुचारू और आकर्षक बनाए रखा। इस दौरान विद्यालय के संगीत विभाग ने एक मधुर और भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसमें भारतीय संस्कृति और संगीत की झलक देखने को मिली। इस प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया और आयोजन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

#### भविष्य को संवारने की जानकारी दी

कार्यक्रम के समापन पर अलकामरान अली ने सभी अतिथियों, आयोजकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उनके आभार प्रदर्शन ने इस आयोजन के पीछे सामूहिक प्रयासों और सहयोग को रेखांकित किया। रूबरू कार्यक्रम जेपी इंटरनेशनल स्कूल के लिए एक स्मरणीय और ऐतिहासिक आयोजन रहा। इसने विद्यार्थियों को अनुभवी व्यक्तियों के मार्गदर्शन से जोड़कर उनके भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम ने न केवल शैक्षणिक, बल्कि सामाजिक, नैतिक और व्यक्तिगत विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। विद्यार्थियों ने इस मंच के माध्यम से न केवल प्रेरणा प्राप्त की, बल्कि अपने करियर और जीवन के लक्ष्यों को स्पष्ट करने का अवसर भी पाया। इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन के चेयरमैन ज्योति गिदवानी, निदेशक शंकर गिदवानी एवं शैक्षिक सलाहकार गोविंद मुदलियार ने बधाई दी।

## शहर में प्रथम गणेश प्रतिमा के आगमन पर स्वागत की तैयारी



**कांकेर।** आगामी गणेशोत्सव को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। रविवार को शहर में पहली गणेश प्रतिमा का विधिवत स्वागत के लिए श्रीश्री रिद्धी सिद्धी परिवार शीतलापारा कांकेर समिति ने गणेश की प्रतिमा लाया। समिति के सदस्य मोहित शार्दुल, निखिल वलेचा, चिनमय लोन्हारे, शुभम गुप्त ने बताया कि श्री गणेश प्रतिमा आगमन के साथ ही मोहल्लें में रौनक बढ़ गई है। गणेश प्रतिमा के स्वागत के लिए धुमाल पार्टी और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से माहौल के साथ आज 25 अगस्त को पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण से माँ शीतला मंदिर शीतलापारा तक भव्य आगमन कार्यक्रम रखा गया है। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवृष्टि कर गणेश प्रतिमा का अभिनंदन करेंगे।

### समस्याओं के निराकरण का मंत्री तोखन ने दिया आश्वासन

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन संघ के पदाधिकारियों ने राज्य मंत्री आवास एवं शहरी मामले तोखन साहू से मुलाकात किया। प्रतिनिधिमंडल ने सेजेस शिक्षक एवं कर्मचारियों की वेतन वृद्धि तथा शिक्षा विभाग में संविलियन की मांग रखी। इस पर मंत्री तोखन साहू ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि सेजेस शिक्षक संघ 2020 से निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहा है। इनके मार्गदर्शन से विद्यार्थियों की प्रतिभा का बहुमुखी विकास हो रहा है और बेहतर परीक्षा परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इसके बावजूद अभी तक ये शिक्षक व कर्मचारी महंगाई भत्ता एवं अन्य नियमित सुविधाओं से वंचित हैं।

## स्कूलों में बाल कैबिनेट का गठन नेतृत्व क्षमता का होगा विकास



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय कन्या हाईस्कूल एवं माध्यमिक विद्यालय में बाल कैबिनेट का गठन किया गया, जिसमें संस्था के प्राचार्य मनीषा सिन्हा एवं वरिष्ठ शिक्षकों के उपस्थिति में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। भावी मतदाता विद्यार्थी को देश में होने निर्वाचन की प्रत्यक्ष जानकारी रचनात्मक कौशल करते हुए समुदाय हित में काम करने योग्य बनाने के उद्देश्य से बाल कैबिनेट गठन के लिए देश में वर्तमान समय निर्वाचन की प्रक्रिया, जिसमें सारे दायित्व विद्यार्थियों ने ही आपस में समर्थन कर बाल कैबिनेट निर्वाचन की प्रक्रिया को पूरा किया गया। बाल कैबिनेट का गठन में शाला नायक सुरेखा नरेटी, उपशाला नायक प्रदीप नेताम, अनुशासन मंत्री वेदिका नरेटी, उपअनुशासन मंत्री बीरसिंह दुग्गा, स्वच्छता मंत्री नीलिमा नेताम व पूर्णिमा बोगा, स्वास्थ्य मंत्री भावना नरेटी व रुपेश कुमार, सांस्कृतिक मंत्री दानी यादव व यामिनी जाडे, बागवानी उद्यान मंत्री साक्षी जैन व चंचल सिन्हा, खद्यान मंत्री थानेश्वर सिन्हा, रोशनी कोमरा एवं कुठे भावना दुग्गा, खेलकुद योग मंत्री भावना दुग्गा, पूनम नरेटी, मंगेश नेताम रहे एवं उपकक्षा नायक अभनदास आर्य, दामिनी नरेटी, अजय कुमार, मोनिका प्रवीन कुमार, प्रीति दुग्गा, डिगलेश, तामेश्वर कुमार एवं कोमल जैन चुने गए एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम सभी नवनिर्वाचित एवं नवनियुक्त बाल कैबिनेट के बच्चों को संस्था के प्राचार्य के द्वारा शपथ दिलाया गया और उनके कर्तव्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता संगीता केकती, नीतिश साहू, मीना ढीमर, शिक्षक दयालु ठाकुर, सावित्री ठाकुर, जागेन्द्र डहरे, नरेन्द्र साहू, अतिथि शिक्षक कौशल जैन आदि उपस्थित रहे।

## विहिप व बजरंग दल ने राष्ट्रगान केअपमान पर की कार्रवाई की मांग

**पखांजूर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल इकाई पखांजूर ने राष्ट्रगान का अपमान करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए थाना प्रभारी पखांजूर को ज्ञापन सौंपा है। यह मामला तब सामने आया जब कुछ युवाओं ने सोशल मीडिया पर राष्ट्रगान को अपमानित करने और उसके मूल शब्दों को विकृत करने का काम किया। बजरंग दल के प्रखंड मंत्री सुमन हालदार ने इस कृत्य को निंदनीय बताया। विभाग सह संयोजक रोशन बड़ाई ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा जोर देकर कहा कि इस तरह के कृत्यों से देश के मान-सम्मान को ठेस पहुंचती है और यह एक दंडनीय अपराध है। बजरंग दल ने पुलिस से अनुरोध किया है कि वे इस मामले में संज्ञान लें और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। इस ज्ञापन को सौंपने के दौरान प्रखंड मंत्री सुमन हालदार, विभाग सह संयोजक रोशन बड़ाई, प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश माझी, धीरज मंडल धनंजय दास सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं इस संबंध में थाना प्रभारी पखांजूर लक्ष्मण केवट ने कहा कि जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## शराब बनाने और पीने वालों पर लगाम कसने आयोजित बैठक में बनी रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

ग्राम सुखई के नवयुवक और ग्रामीण के शराब पीकर बिगड़ रहे थे। शराबियों के घरों में हमेशा परिवार के विवाद होते रहते है। इस कारण युवकों के माता पिता के अलावा ग्रामीण भी परेशान थे, इसलिए गांव के महिला और पुरूषों ने गायता पटेल की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर शराबियों पर लगाम कसने कड़ी रणनीति बनाई है, जिससे शराब पीकर उत्पात मचाने वाले युवकों और शराबियों में हड़कंप मची हुई है। शराब बनाने और पीने वालों पर लगाम कसने गांव में बैठकर आयोजित कर रणनीति बनाई है जो शराब बनाने वालों को 30 हजार आर्थिक दंड, बताने वाले को 5 हजार इनाम, पीकर हुड़दंग व विवाद करने वाले को 10 हजार रूपए आर्थिक दंड का सख्त प्रावधान रखा है। शराब पीने और लगाम कसने निगरानी के लिए समिति का गठन किया। समिति के अध्यक्ष चंद्रिका जैन व उपाध्यक्ष शांति पिद्दा को बनाया गया है, जिसमें गांव के महिलाएं सदस्य हैं और साथ ही गांव के गायता और पटेल संरक्षक हैं। अध्यक्ष चंद्रिका जैन व उपाध्यक्ष शांति पिद्दा ने कहा कि गांव के शराब पीने वाले युवाओं और ग्रामीणों को सुधारने हमारे गांव के महिला पुरूषों ने बीड़ा उठाया है। युवा रोजगार छोड़कर शराब के ओर दौड़ रहे हैं। गांव के चौक चौराहों में दिनभर पड़े रहते हैं। शराब के नशे में परिवारों में कलह हो रही है, इसलिए हमारे गांव में महिला पुरूषों की संयुक्त बैठक हुई, जिसमें बनाने वाले और पीने वाले को आर्थिक दंड दी जाएगी और शराब बनाने वाले की खबर देने वाले को 5 हजार इनाम दी जाएगी। बैठक में ललिता माहवे, संता उयके, रमशीला सलाम, उषाबाई तारम, बज्जू कोमरा, बंशीलाल माहवे, लखनलाल माहवे, दिनेश माहवे, सतारो कोमरा, पार्वती कुलदीप, भागबती भोयर, बिमला माहवे, सुहागा पिद्दा, बसंती दुग्गा, महेश्वरी कोमरा, बिंदा भुआर्य, कैलाश यादव, संतलाल टांडिया, जवाहर पिद्दा, मनोज, मेहत्तर, सदाराम, पिन्टू, महेश, मुकेश, मोहन, सुरूज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जर्जर रेलवे ओवर ब्रिज की मरम्मत की मांग, शिवसेना ने किया पुतला दहन



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर संबलपुर मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज जो बनने के साथ ही जर्जर हो गया। इसके विरोध और ब्रिज पर हो गए बड़े-बड़े गड्ढे का मरम्मत करने, वहां जमा हो रहे पानी का निकासी करने, रेलवे ओवर ब्रिज की साफ सफाई करने आदि की मांग को लेकर शिवसेना द्वारा पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन के पश्चात लोक निर्माण विभाग द्वारा ओवर ब्रिज पर बड़े-बड़े पत्थरों को डाल दिया गया है जिससे ओवरब्रिज का मरम्मत तो नहीं हुआ उल्टे दुर्घटना होना चालू हो गया है। पूर्व में ओवर ब्रिज में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण प्रतिदिन दुर्घटना हो रही थी। कई लोग काल कलित हो रहे थे, जिसके विरोध में शिवसेना द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन दिया गया था। ज्ञापन के पश्चात लोक निर्माण विभाग द्वारा वहा बड़े-बड़े पत्थर डाल दिया गया, जिससे अभी भी दुर्घटना हो रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा न तो ब्रिज की सफाई नहीं कराया गया है और न ही मरम्मत कराया गया है। जब कि प्रतिवर्ष लोक निर्माण विभाग द्वारा मेंटेनेंस का टेंडर निकाला जाता है और लीपापोती कर मेंटेनेंस के पैसे को खा जाता है, जिसके विरोध में शिवसेना द्वारा सांकेतिक रूप से 24 अगस्त रविवार को दोपहर 1 बजे प्रदर्शन करते हुए लोक निर्माण विभाग सेतु निगम का पुतला दहन किया गया और मीडिया के माध्यम से शिवसेना ने लोक निर्माण विभाग से कहा है कि वह तत्काल रेलवे ओवर ब्रिज की मरम्मत, रेलवे ओवर ब्रिज के लाइट का मरम्मत एवं ओवर ब्रिज के निर्माण में हुए गुणवत्ताहीन कार्यों की जांच कर कर दोषी अधिकारियों को दंडित करें अन्यथा शिवसेना द्वारा लोक निर्माण विभाग के कांकेर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## पेज 09 के शेष...

### भाजपा किसान मोर्चा...

जिम्मेदारी दी है। मैं किसान मोर्चा के माध्यम से प्रदेश की किसानों की समस्याओं को संगठन के द्वारा सरकार तक पहुंचाने का कार्य करूंगा व उनकी समस्याओं के समाधान के लिए भी पूरी ईमानदार लगन से कार्य करूंगा। किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी का एक महत्वपूर्ण अंग है, क्योंकि छत्तीसगढ़ प्रदेश किसानों की बहुलता वाला प्रदेश है, इसलिए मेरी जिम्मेदारी किसानों के प्रति और बढ़ जाती है।

### असीम राय हत्याकांड...

पखांजूर में पेश किया गया। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपित विकास पाल को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### फिट इंडिया संडेज...

और साइकिलिंग को एक स्वस्थ, पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ परिवहन साधन के रूप में प्रोत्साहित करना है। पुलिस की इस पहल की सराहना हर वर्ग ने किया और कहा कि समय-समय पर ऐसी पहल होते रहना चाहिए, जिससे युवा वर्ग जो सायकल से पूरी तरह से दूरी बना लिया है, वो भी इस अभियान के तहत सायकल से जुड़ा रहे। आयोजित सायकल रैली में एसडीओपी कांकेंर मोहसिन खान, थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, रक्षित निरीक्षक गोविंद वर्मा, एसआई केजूराम रावत, थाना कांकेर एवं रक्षित केंद्र का स्टाप उपस्थित रहे।

### निलंबित पोस्ट आफिस...

को उक्त बैंक खाता के सम्बंध में उसके मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो कहता था अभी उतना फायदा नहीं हुआ है। जब मैंने अमन पासवान से अपने बैंक खाता के एटीएम कार्ड, लिंक मोबाईल नम्बर को वापिस मांगा तो उसने मुझे ब्लॉक कर दिया। फिर मैंने अन्य मोबाइल नंबर से उससे सम्पर्क करने की कोशिश की तो कॉल नहीं लगता था। साइबर सेल कांकेर के नोटिस के माध्यम से मुझे पता चला कि मेरा बैंक खाता म्युल एकाउंट की सूची में है। मुझे उक्त बैंक खाता में 17 अगस्त 2024 से दिनांक 23 अगस्त 2024 तक हुए ट्रांजेक्शन मेरे द्वारा नहीं किया गया है। उक्त खाता अमन पासवान ने मुझसे ट्रेडिंग करने के लिए लिया था। उक्त खाता के ट्रांजेक्शन अमन पासवान द्वारा किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अमन पासवान के खिलाफ धारा 317 (2), 317 (4), 317 (5), 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कृष्णानगर में बैठक...

अपने जगह से उठकर मेरे तरफ आया और बैठक में उपस्थित प्रकाश सरकार, संतोष मंडल, सुकुमार हालदार आवेश में आकर मुझे गाली देने लगे और एक साथ मिलकर हाथ मुक्का व लातों से मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दिए। मारपीट की घटना को बैठक में उपस्थित लोगों ने देखे सुने है। मारपीट करने से मेरा चश्मा टूट गया था। चश्मा का कांच मेरे आंख के नीचे लग गया था, नाक तरफ से खून निकल रहा था, जिसका इलाज कराने मैं बांदे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गया। बांदे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर नहीं होने से मैं 21 अगस्त को सिविल अस्पताल पखांजुर में भर्ती होकर इलाज कराया हूं। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद 24 अगस्त को शिकायत दर्ज कराने थाना आया हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रकाश सरकार, संतोष मंडल, सुकुमार हालदार व अचिंतो के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नए बाजार के...

मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, छोटू रजक उपस्थित रहे एवं नगर पालिका के महेंद्र श्याम कार्तिक, वीरेंद्र लोनहारे, जगदीश साहू, अशोक नाग, संजय चौहान, गोपाल पचबीए, रविशंकर नेताम, नरेंद्र साहू, घनश्याम यादव, भैया लाल पटेल, मनोहर यादव, मनोहर निषाद, श्याम नेताम, योगेश गोस्वामी, धीरेंद्र कश्यप, राहुल यादव, प्रदीप यादव, केवल जैन, डोरे लाल जैन, कमरुद्दीन खान, कार्तिक जैन, पीलू जैन, ओमकुमार ठाकुर, राजेश महानदिया, पुष्कर जैन, प्रदीप यादव, अतुल यादव, त्रिभुवन साहू, डिकेश्वर साहू, रूपेश चौहान आदि की ड्यूटी बाजार स्थल पर लगाई गई है।

विभिन्न सामाजिक विषयों पर किया विचार- विमर्श

## सेवक विकास संघ की बैठक में कार्यक्रमों का कैलेंडर जारी करने पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




गोंडवाना भवन भानुप्रतापपुर में अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ का जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एजेंडावार क्रमशः 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम पखांजूर में आयोजित किया गया, जिसमें अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ का विशेष योगदान रहा।

बैठक में एजेंडावार अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के आजीवन तथा वार्षिक सदस्यता के लिए एक अभियान के रुप में कार्य करना होगा। विकास खंड के हर एक जनजाति की अनिवार्य सदस्यता होनी चाहिए। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ की बैठकों, सम्मेलन का एक कैलंडर जारी किया जाना चाहिए जिसमें तिथि व स्थान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम होगा। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं तथा सेवानिवृत्त सदस्यों का उचित प्रतिभा सम्मान किया जाना चाहिए। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा सामाजिक गतिविधियों में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति सहभागिता तथा सहयोग प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए, कांकेर में स्थित सभी जर्जर छात्रावास तथा आवासीय विद्यालयों को चिन्हांकित व सूचीबद्ध करके उसके जीर्णोद्धार के लिए अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा सामाजिक बोली एवं भाषाओं के संरक्षण के लिए विकास खंड स्तर पर नियमित कार्यशाला का आयोजन किया जाए, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला उत्तर बस्तर कांकेर में महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान रखते हुए संगठन तथा सामाजिक संगठनात्मक परिदृश्य में यथोचित प्रतिनिधित्व प्रदान करना चाहिए, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के अधिकारी कर्मचारी को कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के लिए जिला या विकास खंड ईकाई में लिखित सूचना देनी होगी। जिला तथा विकास खंड ईकाई इस पर त्वरित कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाएगी।

**खबर संक्षेप**



## जुनवानी जंगल में दबिश छह जुआरी गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने 23 अगस्त को शाम 5 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए ग्राम जुनवानी के जंगल में जुआ खेल रहें जुआरी 23 वर्षीय दिनू कोर्राम पिता अमर कोर्राम, 42 वर्षीय संजय कोर्राम पिता चरण कोर्राम, 49 वर्षीय प्रकाश कावड़े स्व. श्यामन सिंह कावड़े, 22 वर्षीय किशन जैन पिता स्व. शत्रुधन सिंह जैन और 54 वर्षीय नंद कुमार सिन्हा पिता स्व. तीजूरान सिन्हा सभी ग्राम जुनवानी निवासी को पकड़ा गया। जुआरियों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते, एक प्लास्टिक बोरी कुल नगदी रकम 1 हजार 70 रूपएं को जप्त कर धारा 3 (2) छग जुआ प्रतिषेध अधि 2022 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## जहर खाने से युवक की मौत, जांच जारी

**कांकेर।** रावघाट थानांतर्गत 20 वर्षीय सुखयारिन कुमेटी का इलाज के दौरान 1 मई को सुबह साढ़े 10 बजें मौत हो गया। जिला अस्पताल नारायणपुर के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने जहर का सेवन कर लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### पर्व : बैलों को नए वस्त्र और घघरा-घंटी से सजाया और धरती की पूजा की

# दुर्गूकोंदल व क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया पोला तिहार, मिट्टी के बैलों की पूजा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

■ बच्चों के लिए खेलकूद का किया गया आयोजन

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंचल में हर्षोल्लास से मनाया गया पारंपरिक पोला तिहार लोगों में दिखा उत्साह। छत्तीसगढ़ में पोला त्योहार खेती-किसानी से जुड़ा हुआ एक विशेष पर्व है। भाद्र मास की अमावस्या को मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर कई मान्यता है कि इस दिन अन्नमाता गर्भ धारण करती है। इस दिन परंपरानुसार खेत जाने की मनाही होती है और किसान अपने घरों में मिट्टी के बनाए बैलों को एवं घर के बैलों को सजाते है। उन्हें नहलाकर और पूजा-अर्चना करते है। इसके मूल में बैलों की पूजा और खेती की उन्नति के लिए आशीर्वाद प्राप्त करना है। पोला त्यौहार कृषि संस्कृति में पशुधन के महत्व को दर्शाने वाला पर्व है। इस दिन किसान अपने बैलों की पूजा-अर्चना कर अच्छी फसल की कामना करते हैं। पोला तिहार किसानों का खेती किसानी से जुड़ा सबसे बड़ा त्योहार है। यह हमारे जीवन में खेती-किसानी और पशुधन का महत्व बताता है। इस दिन घरों में उत्साह से बैलों और जाता-पोरा की पूजा कर अच्छी फसल और घर को धन-धान्य से परिपूर्ण होने के लिए प्रार्थना की जाती है। यह छत्तीसगढ़ की परम्परा, संस्कृति और लोक जीवन की गहराइयों से जुड़ा पर्व है, बुजुर्गों का मानना है कि पोला के दिन एक विशेष महत्व गरब का होता है कहते है कि इस दिन धरती मां की गर्भ पूजन की जाती है और लोग खेत नहीं जाते हैं। किसान इस समय अपनी खरीफ फसल की बोवाई और निंदाई का कार्य पूरा कर चुके होते हैं। अगली पीढ़ियों तक अपनी समृद्ध संस्कृति को पहुंचाने और उन्हें जमीन से जोड़े रखने के लिए पारंपरिक त्योहारों का संरक्षण और संवर्धन आवश्यक है। पोला पर्व के दिन बैलों की पूजा की जाती है और उन्हें सजाया जाता है। बैलों को नए वस्त्र और साज-सज्जा से सजाया जाता है, इस दिन बैलों को विशेष देखभाल और आराम दिया जाता है। उन्हें अच्छे भोजन और पानी से पोषित किया जाता है। कृषि संस्कृति का संरक्षण यह पर्व कृषि संस्कृति और ग्रामीण जीवनशैली के संरक्षण और प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पोला पर्व एक महत्वपूर्ण पारंपरिक त्योहार है जो पशुधन के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। यह पर्व कृषि संस्कृति और ग्रामीण जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और पशुधन के महत्व को उजागर करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे विभिन्न खेलों के साथ हर्षोल्लास से मनाई पोला त्यौहार में नांदिया बैल, पोरा जाता जैसे खेलों के साथ पोला त्यौहार मनाया।





### पोला पर सुआ नृत्य और बैला दौड़ आयोजित

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड के ग्राम कलंगपुरी में पोला त्यौहार पर शीतला मंदिर प्रांगण में सुआ नृत्य और नांदिया बैला दौड़ का आयोजन बहुत ही हर्षोल्लास के साथ किया गया, जिसमें समस्त ग्रामवासी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर बच्चों के नांदिया बैला दौड़ और बच्चियों के रसोई और महिलाओं का सुआ नृत्य का विशेष आकर्षण रहा। इस अवसर पर ग्राम गायता मयाराम आचला, पटेल उजीर राम आचला, सरपंच सियाराम मंडावी, मनाराम यादव, योगेश कुलदीप, सोपसिंग आचला, रमेश नाग, लखन जैन, प्रेम यादव, देवदत्त सोरी, मानकुंवर, श्याम कुंवर, अनुसुइया, देवाय, पीलाबाई, सुशीला, सामको, लक्ष्मी व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## उप स्वास्थ्य केंद्र भैसाकन्हार (क) में लता को सम्मान दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

आयुष्मान आरोग्य मंदिर भैसाकन्हार क के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक लता नरेटी को विदाई कार्यक्रम आयोजित कर सह सम्मान विदाई दिया गया। सर्वप्रथम स्वास्थ्य संयोजक लता नरेटी को मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा तिलक और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। स्वास्थ्य संयोजक बृजेश कुमार ऊके ने बताया गया कि स्वास्थ्य संयोजक लता नरेटी ने 13 वर्षो से ग्राम व उप स्वास्थ्य केंद्र भैसाकन्हार में मुख्यालय में रहकर अपनी स्वास्थ्य सेवा दी। शासकीय दायित्वों का निर्वहन अच्छे से करने और सभी से उनका व्यवहार सरल ,सहज व मृदुभाषी रहा। उन्ही सब कारणों से लता नरेटी का ग्रामवासियों से गहरा संबंध स्थापित हो गया था। परंतु इनकी मूलपदस्थापना भैंसाकन्हार डू होने के कारण शासकीय आदेश के तहत उन्हें मूल पदस्थापना में स्थांतरित किया गया और साथ ही संस्था में नवपदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक राजकुमारी कोर्राम एवं अनिता नरेटी का स्वागत अभिनंदन किया गया। स्वास्थ्य संयोजक लता नरेटी के द्वारा भी अपने शासकीय सेवा के 13 वर्षो के अनुभव को साझा कर भावुक हो गई। अंत में आगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं उपस्थित ग्राम वासियों के द्वारा स्मृति चिन्ह स्वरूप उपहार देकर लता नरेटी को सम्मानित कर विदाई दिया गया । इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता राणा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पलता दरपट्टी, शकुन करंगा, कामिन, लक्ष्मी लटिया, मितानिन सुरजा वट्टी, नीरा औरसा, रमिता पोताई, सौहद्रा नरेटी, आंगनबाड़ी सहायिका एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।






**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमवी, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**कांकेर।** पीड़िता के परिजन ने 11 अगस्त को कोरर थाना में शिकातय दर्ज कराया कि उसकी बहन कोरर बाजार जा रही हूं कहकर निकली थी जो देर शाम तक वापिस नही आई। आसपास पता तलाश किया गया, कही पता नही चला। शिकायत पर थाना कोरर में गुम इंसान क्रमांक 20/2025 कायम कर जांच पता तलाश में लिया गया। नाबालिक बालिका संबंधी अपराध घटित होने से मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर थाना कोरर स्टॉफ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा के बारे में पता साजी की जा रही थी। थाना प्रभारी कोरर निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में आरोपी की पता साजी के लिए टीम को रवाना किया गया था। तकनीकी विवरण के आधार पर



ग्राम गावड़े खसगांव अंतागढ़ से अपहृता एवं आरोपी के बारे में पूछताछ किया, जो घर में रहना पता चलने पर घेराबंदी कर दबिश दिया। अपहृता एवं आरोपी के मिलने पर अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया और 24 अगस्त को अपहृता से पूछताछ किया गया जो बताई कि आरोपी अनेश दुग्गा के द्वारा नाबालिक जानते हुए शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती बलात्कार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 87, 64, 64 (2) (ढ) बीएनएस 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई है। घटना के संबंध में आरोपी से बारिकी से पूछताछ करने से अपराध करना कबूल करने पर आरोपी अंतागढ़ थानांतग्रत गावड़ खसगां निवासी 19 वर्षीय अनेश कुमार पिता रैनु राम को 24 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोरर निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता, सउनि उमेश वर्मा, चन्द्रप्रकाश मरकाम, मनोज साहू, सुमित्रा गोटा एवं थाना के अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।